ध्येय पथ

दिसम्बर 2023

मासिक ई-पत्रिका



सम्पादक
श्रीमती पुष्पा निषाद
डॉ. सुबोध कुमार मिश्र

महाराणा प्रताप महाविद्याल, जंगल धूसड़
गोरखपुर

जागरूकता रैली

01 दिसम्बर को महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स के तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ महाविद्यालय की उप–प्राचार्य श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। रैली का संयोजन रोवर्स/रेंजर्स प्रभारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह व श्री अभिषेक त्रिपाठी ने किया। रैली में कुल 58 रोवर्स/ रेंजर्स उपस्थित रहे।



रेड रिबन क्लब जागरूकता रैली

01 दिवसम्बर को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में रेड रिबन क्लब के द्वारा एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का संयोजन व क्रियान्वन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती सिंह एवं डॉ. अखिलेश गुप्त ने किया।



एन.सी.सी. विश्व एड्स जागरूकता रैली

01 दिसम्बर को महाविद्यालय में एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा विश्व एड्स दिवस पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली एन.सी.सी. प्रभारी ले. रमाकान्त दूबे और रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य श्री विवेक कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में संचालित किया गया।




विचार गोष्ठी कार्यक्रम



02 दिसम्बर को महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग के तत्वावधान में कम्प्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में कम्प्यूटर शिक्षा'' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी.एड्. प्रथम सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थी मुकेश कीर्ति राय, विवेक, ऑचल निषाद, जयदीप, वेदना शर्मा, राजलक्ष्मी गुप्ता, आकाश ने अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने किया।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



02 दिसम्बर को महाविद्यालय में शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा 'कम्प्यूटर साक्षरता दिवस' के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी. ए. प्रथम सेमेस्टर के कुल 26 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कन्हैया यादव व शिवानी शर्मा को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान अंजलि गुप्ता को द्वितीय स्थान तथा विशाल कन्नौजिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती अर्पित सिंह जी रही। प्रतियोगिता का संयोजन बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती पुष्पा निषाद ने किया।

जागरूकता रैली



03 दिसम्बर को महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का संयोजन प्रभारी रोवर्स/रेंजर्स श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं श्री अभिषेक त्रिपाठी ने किया।

मतदाता पंजीकरण कैम्प



06 दिसम्बर को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता के लिए मतदाता पंजीकरण कैम्प लगाया गया। कैम्पका संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती सिंह एवं डॉ. अखिलेश गुप्त ने किया।

योग्यता छात्रवृत्ति पुरस्कार वितरण समारोह

12 दिसम्बर को महाविद्यालय में योग्यता छात्रवृत्ति पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपने–अपने कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक प्रदर्शन करने वाले प्रथम दो विद्यार्थियों को भटवली महाविद्यालय के पूर्व आचार्य डॉ. बलवान सिंह जी द्वारा नगद छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पिंकी गुप्ता पुत्री श्री संजय गुप्ता बी. एस–सी प्रथम सेमेस्टर, ममता सिंह पुत्री श्री रविन्द्र सिंह बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर, अनुभव सिंह पुत्र श्री अनुविन्द सिंह बी. ए–सी. पंचम सेमेस्टर, सविता चौरसिया पुत्र श्री राजकुमार चौरसिया बी.ए. प्रथम सेमेस्टर, रैना यादव पुत्री श्री गोविन्द यादव, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर, आदित्य यादव पुत्र श्री शिवलाल यादव बी.ए. तृतीय सेमेस्टर, पूजा भारद्वाज पुत्री श्री कुन्दन लाल बी.ए. तृतीय सेमेस्टर, विनय कुमार पुत्र श्री मन्टू बी.ए. पंचम सेमेस्टर सोनू निषाद पुत्र श्री मोहन निषाद बी.ए. पंचम सेमेस्टर, अंकिता पुत्री श्री तिल्लू बी.काम. प्रथम सेमेस्टर, मोमिना खातून पुत्री श्री इन्ताफ अली बी.काम. प्रथम सेमेस्टर, निदा फातिमा पुत्री श्री सरवातलतुल्ला बी.काम. तृतीय सेमेस्टर, दिव्या गुप्ता पुत्री स्व. रामअवध गुप्ता, बी.काम. तृतीय सेमेस्टर, नेहा साहनी पुत्री श्री सोहित साहनी बी.काम. पंचम सेमेस्टर, सुकन्या पाण्डेय पुत्री कमलाकर बी.काम. पंचम सेमेस्टर, अंजली सिंह पुत्री उमाशंकर सिंह बी.काम.







पंचम सेमेस्टर, प्रियंका गुप्ता पुत्री शिव प्रकाश गुप्ता एम.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर (रसायन विज्ञान), राजेश यादव पुत्र श्री रामलाल यादव एम.एस–सी प्रथम सेमेस्टर (रसायन विज्ञान) श्रेया मल्ल पुत्री श्री उमेश कुमार मल्ल एम.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर (रसायन विज्ञान) नवीन विश्वकर्मा पुत्री श्री अखिलेश कुमार एम.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर (रसायन विज्ञान), अविनाश साहनी पुत्र श्री राजेन्द्र साहनी एम.ए.प्रथम सेमेस्टर (भूगोल), पल्लवी सिंह पुत्री श्री रामनेत सिंह एम. ए. प्रथम सेमेस्टर (भूगोल) दीपचन्द पुत्र श्री सुभाष चन्द साहनी एम.ए. तृतीय सेमेस्टर (भूगोल), अंगद चौधरी पुत्र श्री परशुराम चौधरी एम.ए. तृतीय सेमेस्टर (भूगोल), कृतिका सिंह पुत्री श्री अमरेश सिंह एम.ए. प्रथम सेमेस्टर (प्राचीन इतिहास), अमृता पुत्री श्री दे दी सिंह एम.ए. प्रथम सेमेस्टर (प्राचीन इतिहास) अभय राज वर्मा पुत्र श्री मन्नूलाल वर्मा एम.ए. तृतीय सेमेस्टर (प्राचीन इतिहास), विकास चौधर पुत्र श्री सन्तोष चौधरी एम.ए. तृतीय सेमेस्टर (प्राचीन इतिहास), आसना सिंह पुत्री श्री सत्यप्रकाश सिंह एम.ए. प्रथम सेमेस्टर (राजनीतिशास्त्र), सौरभ कुमार पुत्र श्री प्रभुनाथ एम.ए. प्रथम सेमेस्टर (राजनीतिशास्त्र), काव्या पाण्डेय पुत्री श्री कुल भूषण पाण्डेय एम.ए. तृतीय सेमेस्टर (राजनीतिशास्त्र), विशाल कुशवाहा पुत्र श्री महेश कुशवाहा एम.ए. तृतीय सेमेस्टर (राजनीतिशास्त्र), राहुल यादव पुत्र श्री रणधीर यादव एम.ए. प्रथम सेमेस्टर (इतिहास), खुश्बू प्रजापति पुत्री श्री तूफानी प्रसाद एम.ए. प्रथम सेमेस्टर (इतिहास), व्यास साहनी पुत्र श्री महेन्द्र साहनी एम. ए. तृतीय सेमेस्टर (इतिहास), संध्या चौहान पुत्री श्री अवेद्यनाथ चौहान एम. ए. प्रथम सेमेस्टर (समाजशास्त्र), सभ्या सिंह पुत्री श्री पुरुषोत्तम सिंह एम.ए. प्रथम सेमेस्टर (समाजशास्त्र), मनीषा माड़वार पुत्री श्री तुलसी माड़वार एम.ए. तृतीय सेमेस्टर (समाजशास्त्र), सोनी







प्रजापति पुत्री श्री रूमाज्ञा प्रजापति, एम. ए. तृतीय सेमेस्टर (समाजशास्त्र), शंकर तिवारी पुत्र श्री रविन्द्र तिवारी एम. ए. प्रथम सेमेस्टर (हिन्दी), निशा कुमारी पुत्री श्री शिवलाल एम.ए. प्रथम सेमेस्टर (हिन्दी), उपमा सिंह पुत्री श्री सुशील सिंह एम. ए. प्रथम सेमेस्टर (गृहविज्ञान), दीक्षा सिंह पुत्री श्री हरिनारायण सिंह एम. प्रथम सेमेस्टर (गृहविज्ञान), ज्योति सिंह पुत्री श्री शिलवन्त सिंह एम.ए. तृतीय सेमेस्टर (गृहविज्ञान), शिप्रा रानी पुत्री श्री अजय कुमार सिंह एम. ए. तृतीय सेमेस्टर (गृहविज्ञान), प्रभात तिवारी पुत्र श्री कौशल प्रसाद तिवारी एम.काम. प्रथम सेमेस्टर, ममता मझवार पुत्री श्री विश्वम्भर मझवार एम.काम.प्रथम सेमेस्टर, विशाल कुमार यादव पुत्र श्री मक्खन यादव एम.काम. तृतीय सेमेस्टर, गोरख यादव पुत्र श्री परशुराम यादव एम.काम तृतीय सेमेस्टर, अरूण कुमार कुशवाहा पुत्र श्री रामजी कुशवाहा बी.एड्. प्रथम सेमेस्टर, विवेक कुमार मौर्या पुत्र श्री छेदीलाल मौर्या बी.एड्. प्रथम सेमेस्टर, बबली चौहान पुत्री श्री उमाशंकर चौहान बी.एड्. तृतीय सेमेस्टर, ज्योति सिंह पुत्री श्री जय सिंह बी.एड्. तृतीय सेमेस्टर, रानी शर्मा पुत्री श्री नन्हे शर्मा बी. एड्. तृतीय सेमेस्टर, गीताजंलि सिंह पुत्री अशोक सिंह बी.एड्. तृतीय सेमेस्टर, प्रियांशु पाण्डेय पुत्र श्री अनिल पाण्डेय बी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर, कंचन सिंह पुत्री श्री गोरख सिंह बी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर को योग्यता छात्रवृत्ति प्रदान किया गया।



विशिष्ट व्याख्यान



12 दिसम्बर को महाविद्यालय के एन.एन.सी. विभाग द्वारा वर्ष 2023 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किये जाने के अवसर पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता महाविद्यालय वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव जी रहे। कार्यक्रम का संचालन एन.सी.सी. प्रभारी ले.रमाकान्त दूबे ने किया एवं संयोजन श्री विवेक विश्वकर्मा ने किया।

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस



14 दिसम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर बी.एड्. प्रथम सेमेस्टर की छात्राध्यापिका सुश्री कीर्ति ने अपने विचार प्रस्तुत कर सभी को जागरूक किया।

भाषण प्रतियोगिता

14 दिसम्बर को महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर "ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.एड्. प्रथम सेमेस्टर के कुल 24 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान क्रमशः अरूण कुमार कुशवाहा, किशन कुमार व शिवम कुमार जायसवाल ने प्राप्त किया। प्रतियोतिगता के निर्णायक मण्डल के रूप में डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ. नीलम गुप्ता व डॉ. रितेन्द्रनाथ पाण्डेय जी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संयोजन व संचालन सुश्री दीप्ति गुप्ता ने किया।



विशिष्ट व्याख्यान

14 दिसम्बर को महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा विश्व ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के उप–प्राचार्य व भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. नीलम गुप्ता द्वारा किया।



पाँच दिवसीय कार्यशाला का प्रथम दिन

15 दिसम्बर को महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग द्वारा पाँच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के प्रथम दिन ''अधिगम एवं अभिप्रेरणा के सिद्धान्त'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता स्वामी देवानन्द पी.जी. कॉलेज मठलार देवरिया के सहायक आचार्य श्री विनय पाण्डेय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री अभिषेक त्रिपाठी ने, अतिथि स्वागत श्री शैलेन्द्र सिंह ने व आभार ज्ञापन श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।



स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम



16 दिसम्बर को महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ''DiGi शक्ति'' के अन्तर्गत 631 स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री अभिषेक वर्मा व महाविद्यालय के उप–प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने स्मार्टफोन प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

पाँच दिवसीय कार्यशाला का दूसरा दिन

15 दिसम्बर को महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग द्वारा पाँच दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन' ''भारत की शिक्षा नीतियों का तुलनात्मक अध्ययन'' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में जे.बी. महाजन डिग्री कॉलेज, चौरी–चौरा, गोरखपुर के सहायक आचार्य डॉ. लक्ष्मण सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री शैलेन्द्र सिंह ने अतिथि स्वागत श्री अभिषेक त्रिपाठी व आभार ज्ञापन विभाग प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।



विशिष्ट व्याख्यान



16 दिसम्बर को महाविद्यालय में इतिहास विभाग के तत्वावधान में राजेन्द्र लाहिड़ी के शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर 'काकोरी के नायक : राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के डॉ. वेंकट रमन पाण्डेय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री अनूप कुमार पाण्डेय व आभार ज्ञापन डॉ. अर्चना गुप्ता ने किया।

पाँच दिवसीय कार्यशाला का तीसरा दिन



18 दिसम्बर को महाविद्यालय में बी.एड्. विभाग द्वारा पाँच दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन पर्यावरणीय शिक्षा विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता जवाहर लाल नेहरू स्मारक पी.जी. कॉलेज महाराजगंज के भूगोल विभाग के अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री दीप्ति गुप्ता अतिथि स्वागत श्री जितेन्द्र प्रजापति एवं आभार ज्ञापन श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।

पाँच दिवसीय कार्यशाला का चौथे दिन

19 दिसम्बर को महाविद्यालय में बी.एड्. विभाग द्वारा पाँच दिवसीय कार्यशाला के चौथे दिन ''शिक्षा के दार्शनिक सिद्धान्तों की विवेचना'' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के शिक्षा संकाय की सहायक आचार्य डॉ. मीतू सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री जितेन्द्र प्रजापति ने अतिथि आभार श्री अभिषेक त्रिपाठी ने व अतिथि स्वागत श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।



चिकित्सा शिविर



19 दिसम्बर को महाविद्यालय में बी.एड्. विभाग द्वारा गोद लिए गाँव मंझरिया में मिशन मंझरिया अभियान के अन्तर्गत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान में गुरू गोरक्षनाथ चिकित्सा, बाबा, राघवदास मेडिकल कॉलेज एवं महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्य धाम बालापार के चिकित्सको द्वारा कुल 102 ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित की गई। शिविर के आयोजन में बी.एड्. विभाग के आर्शीवद कश्यप, अपर्णा सिंह, अरूण कुमार, पूजा मद्धेशिया, नरसिंह पासवान, कुमारी साधना, श्वेता पटेल, बलली चौहान, गीतांजलि सिंह आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

पाँच दिवसीय कार्यशाला का पाँचवाँ दिन

20 दिसम्बर को महाविद्यालय में बी.एड्. विभाग द्वारा पाँच दिवसीय कार्यशाला के पाँचवें दिन ''शिक्षा के मूल तत्व'' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल गोरखपुर की प्रबन्धक तथा बेसिक शिक्षा परिषद गोरखपुर की सहायक अध्यापिका डॉ. प्रीति मिश्रा ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती विभा सिंह ने अतिथि आभार श्रीमती शिप्रा सिंह ने व अतिथि स्वागत डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने किया।



वृक्षारोपण कार्यक्रम



21 दिसम्बर को महाविद्यालय में बी.एड्. विभाग द्वारा अभिगृहीत ग्राम मंझरिया में मिशन मंझरिया अभियान के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत के अन्तर्गत महोगनी, पारिजात, नींबू, अशोक, अमरूद आदि पौधे रोपित किए गए। इसी के साथ बी.एड्. विभाग द्वारा महाराणा प्रताप कृषक इण्टर कॉलेज में इंटर्नशिप पूर्ण होने पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

व्याख्यान प्रतियोगिता



21 दिसम्बर को महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा एक व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 35 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता में बी.ए. पंचम सेमेस्टर के आदर्श कुमार शर्मा को प्रथम स्थान, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की ज्योति चौधरी को द्वितीय स्थान तथा बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के अमित यादव को तृतीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की रजिया खातून को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. दीपशिखा नागवंशी सुश्री शिवानी सिंह जी रही। कार्यक्रम का संयोजन व आभार डॉ. आरती सिंह ने किया तथा संचालन डॉ. सुधा शुक्ल ने किया।

पाँच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का प्रथम दिन



26 दिसम्बर को महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग के तत्वावधान में पाँच दिवसीय स्काउट–गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक जिला प्रशिक्षण आयुक्त, स्काउट श्री अजय कुमार सिंह, जिला प्रशिक्षक गाइड सुश्री दुर्गावती धूसिया एवं श्री शिवा कुमार ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया।

पाँच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का दूसरा दिन



27 दिसम्बर को महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग के तत्वावधान में पाँच दिवसीय स्काउट–गाइड प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन जिला प्रशिक्षक स्काउट श्री अजय कुमार सिंह व जिला प्रशिक्षक गाइड सुश्री दुर्गावती धूसिया व प्रशिक्षक श्री शिवा कुमार ने विद्यार्थियों को स्काउट–गाइड के झण्डे एवं उस पर बने हुए चिह्नों का विस्तार पूर्वक अर्थ बताया। इस प्रशिक्षण शिविर में 131 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पाँच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का तीसरा दिन



28 दिसम्बर को महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग के तत्वावधान में पाँच दिवसीय स्काउट–गाइड प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन जिला प्रशिक्षक स्काउट श्री अजय कुमार सिंह व जिला प्रशिक्षण गाइड सुश्री दुर्गावती धूसिया, जिला स्काउट प्रशिक्षक श्री सूरज चन्द गौतम व स्काउट काउसंलर श्री शिवा कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को बी.पी.–6 एवं प्राथमिक उपचार के बारे में प्रशिक्षण दिया। इस प्रतिशिक्षण शिविर में 118 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पाँच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का चौथा दिन



29 दिसम्बर को महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग के तत्वावधान में पाँच दिवसीय स्काउट–गाइड प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन जिला प्रशिक्षक स्काउट श्री अजय कुमार सिंह व जिला प्रशिक्षण गाइड सुश्री दुर्गावती धूसिया, जिला स्काउट प्रशिक्षक श्री सूरज चन्द गौतम व स्काउट काउसंलर श्री शिवा कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को ध्वज शिष्टचार, बौद्धिक खेलों व ग्रैण्ड कैम्प फायर आदि कराया गया। इस अवसर पर 132 विद्यार्थी उपस्थित है।

पाँच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का समापन समारोह



30 दिसम्बर को महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग के तत्वावधान में पाँच दिवसीय स्काउट–गाइड प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर के अन्तर्गत जिला प्रशिक्षक स्काउट श्री अजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर दीक्षा प्रदान किया व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री सूरज चन्द गौतम, श्री शिवा कुमार, सुश्री दुर्गावती धूसिया (जिला प्रशिक्षक गाइड) व सभी विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे।

कैम्पस प्लेसमेन्ट (रसायनशास्त्र विभाग)

30 दिसम्बर को महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों हेतु आई.जी.एल. कम्पनी के नेतृत्व में कैम्पस प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में आई.जी. एल के क्वालिटि हेतु श्री संजय मिश्र ने इसके बारे में जानकारी दी। कैम्पस प्लेसमेंट में बी.एस–सी. व एम.एस–सी. के कुल 21 विद्यार्थियों को साक्षात्कार हुआ। जिनमें से 12 विद्यार्थी प्रथम फेज हेतु चयनित किए गए कार्यक्रम का संयोजन रसायन विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. रामसहाय ने किया।



समाचार पत्रो में प्रकाशित महाविद्यालय के विविध कार्यक्रम

दैनिक जागरण 9 गोरखपुर, 8 दिसंबर, 2023 www.jagran.com

गीता व संस्कृत भाषण में प्रतिभागियों ने जीता निर्णायक मंडल का दिल

संस्थापक सप्ताह समारोह के तहत आयोजित हुई पांच प्रतियोगिताएं

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के तहत आयोजित हो रहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं के क्रम में गुरुवार को कंप्यूटर प्रश्नमंच, बास्केटबाल, वालीबाल, श्रीमद्भागवतगीता और संस्कृत भाषण प्रतियोगिता का आयोजना विभिन्न वर्गों में किया गया। अलग-अलग शिक्षण संस्थानों में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। श्रीमद्भागवत गीता और संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति से प्रतिभागियों ने निर्णायक मंडल का दिल जीत लिया।

कंप्यूटर प्रश्नमंच प्रतियोगिता में अलग-अलग चार वर्ग में आर्मी पब्लिक स्कूल, द पिलर्स पब्लिक स्कूल, महाराणा प्रताप जंगल धूसड़ और चंद्रकांति रमावती देवी पीजी कालेज के प्रतिभागियों ने पहला स्थान प्राप्त किया। गुरुवार को आयोजित अन्य प्रतियोगिताओं के परिणाम बाद में घोषित किए जाएंगे।



महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के अंतर्गत महाराणा प्रताप बालिका इंटर कालेज में आयोजित महिला वर्ग बास्केट बाल प्रतियोगिता मे महाराणा प्रताप पीजी कालेज रसदतपुर व महायोगी गोरक्ष-नाथ विश्वविद्यालय के बीच बास्केटबाल मुकाबला ● जागरण

संचालन समिति ने संपन्न हो चुकी कुछ प्रतियोगिताओं के परिणाम भी गुरुवार को जारी किए। अंत्याक्षरी में महाराणा प्रताप इंटर कालेज विजेता और महाराणा प्रताप सीनियर सकेंडरी स्कूल उप विजेता रहा। कनिष्ठ वर्ग में अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता सेंट जेवियर्स स्कूल आजाद चौक की छात्रा समीरा खातून और माध्यमिक वर्ग में यह प्रतियोगिता इसी स्कूल की मेघना ने जीती। परिणाम महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की वेबसाइट www.mpspgkp.in पर देखे जा सकते हैं।

अमर उजाला

गोरखपुर | शुक्रवार, 8 दिसंबर 2023 8

गीता पाठ और भाषण से विद्यार्थियों ने किया मंत्रमुग्ध

गोरखपुर। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह में कंप्यूटर प्रश्नमंच, श्रीमद्भागवत गीता पाठ और संस्कृत भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। श्रीमद्भागवत गीता पाठ और संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुतियों से प्रतिभागियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कंप्यूटर प्रश्नमंच प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल, द पिलर्स पब्लिक स्कूल, महाराणा प्रताप जंगल धूसड़ और चंद्रकांति रमावती देवी पीजी कालेज के प्रतिभागियों ने पहला स्थान प्राप्त किए। अंत्याक्षरी प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज विजेता और महाराणा प्रताप सीनियर सेकंडरी स्कूल उप विजेता रहे। संवाद

amarujala.com

गोरखपुर | शनिवार, 16 दिसंबर 2023 6

जीवन पर्यंत सीखता रहता है मानव : विनय

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में बीएड विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। पहले दिन 'अधिगम एवं अभिप्रेरणा के सिद्धांत' विषय पर व्याख्यान हुआ। बतौर मुख्य वक्ता एसडीपीजी कॉलेज, मठलार, देवरिया के सहायक आचार्य विनय पांडेय ने कहा कि जन्म के बाद ही व्यक्ति कुछ न कुछ सीखना प्रारंभ कर देता है और फिर जीवन पर्यंत सीखता है। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक त्रिपाठी, स्वागत शैलेंद्र सिंह और आभार ज्ञापन बीएड विभाग की अध्यक्ष शिप्रा सिंह ने किया। संवाद

amarujala.com

गोरखपुर | रविवार, 17 दिसंबर 2023 8

631 छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन का वितरण

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में शनिवार को प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना डीजी शक्ति के अंतर्गत 631 स्मार्टफोन का वितरण किया गया। नोडल अधिकारी अभिषेक वर्मा ने बताया कि इस संचार उपकरण के माध्यम से विद्यार्थियों को विश्वभर की शैक्षिक संस्थाओं की पठन-पाठन सामग्री निःशुल्क उपलब्ध हो सकेगी। महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के फलस्वरूप विद्यार्थियों को सहजता से विविध जानकारियां प्राप्त हो सकेंगी। इस मौके पर नंदन शर्मा, डॉ. मंजेश्वर, डॉ. अखिलेश गुप्ता, हरिकेश यादव, डॉ. एसके बरनवाल आदि मौजूद रहे। संवाद

दैनिक जागरण 2 गोरखपुर, 17 दिसंबर, 2023 www.jagran.com

एमपी कालेज जंगल धूसड़ में 631 विद्यार्थियों को मिला स्मार्ट फोन

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में शनिवार को प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना डीजी शक्ति के अंतर्गत 631 स्मार्टफोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अभिषेक वर्मा ने इस योजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस संचार उपकरण के माध्यम से विद्यार्थियों को विश्वभर की शैक्षिक संस्थाओं की पठन-पाठन सामग्री निश्शुल्क उपलब्ध हो सकेगी। वह विद्यार्थी जो आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, वह भी इस योजना से लाभान्वित होकर तकनीकी दक्षता प्राप्त कर सकेंगे। महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डा. विजय कुमार चौधरी ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के फलस्वरूप विद्यार्थियों को सहजता से विविध जानकारियां प्राप्त हो सकेंगी तथा तकनीकी के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सरलता से विद्यार्थियों को प्राप्त हो सकेगी। कार्यक्रम में नंदन शर्मा, डा. मंजेश्वर, डा. अखिलेश गुप्ता, हरिकेश यादव, डा. एसके बरनवाल आदि उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान

गोरखपुर, रविवार, 17 दिसंबर 2023 06

631 छात्र-छात्राओं को मिला स्मार्टफोन

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में शनिवार को डीजी शक्ति के अंतर्गत 631 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। नोडल अधिकारी अभिषेक वर्मा ने कहा कि जो विद्यार्थी आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है वे भी इस योजना से लाभांवित होकर तकनीकी दक्षता प्राप्त कर सकेंगे। उप प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी, नंदन शर्मा, डॉ. मंजेश्वर, डॉ. अखिलेश गुप्ता, हरिकेश यादव, डॉ. एसके बर्नवाल मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान

www.livehindustan.

गोरखपुर बुधवार 20 दिसंबर 2023 05

विवेक से ही ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति सम्भव

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में बीएड विभाग द्वारा मंगलवार को पांच दिवसीय शैक्षिक कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीडीयू के शिक्षा शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मीतू सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि विवेक ज्ञान की प्राप्ति से ही ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति संभव है। मानव ईश्वर द्वारा इस पृथ्वी पर की गई सर्वोत्कृष्ट रचना है। अपनी बौद्धिक क्षमता और सृजनशील प्रवृत्ति से मनुष्य ने अपनी सर्वोच्चता कायम रखी है। मनुष्य जीवन का आध्यात्मिक एवं व्यवहारिक दोनो ही पक्ष वेदान्त दर्शन से सम्पोषित होता है। संचालन जितेन्द्र प्रजापति ने तथा आभार अभिषेक त्रिपाठी ने ज्ञापित किया।

दैनिक जागरण 4
गोरखपुर, 20 दिसंबर, 2023
www.jagran.com

विवेक ज्ञान से ही ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति सम्भव : डा. मीतू

जासं, गोरखपुर : महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ के बीएड विभाग की ओर से आयोजित पांच दिवसीय शैक्षिक कार्यशाला के पांचवें दिन गोरखपुर विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डा. मीतू सिंह का बतौर मुख्य वक्ता व्याख्यान हुआ। उन्होंने कहा कि मानव ईश्वर द्वारा इस पृथ्वी पर की गई सर्वोत्कृष्ट रचना है। अपनी बौद्धिक क्षमता और सृजनशील प्रवृत्ति से मनुष्य ने अपनी सर्वोच्चता कायम रखी है।

वेदांत दर्शन पर अपने विचार रखते हुए डा. मीतू ने कहा कि वेदान्त दर्शन हमें मुमुक्षकत्व का बोध कराता है। यह हमें बताता है कि खुद को संतुष्ट एवं प्रसन्न रखना मानव की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए विद्यार्थी जीवन अनुशासन व संयमपूर्ण होना चाहिए। मुख्य वक्ता ने प्राचीन भारतीय शैक्षिक दर्शनों विशेषकर बौद्ध एवं जैन दर्शन से भी परिचित कराया है। स्वागत शिप्रा सिंह, संचालन विभाग जितेन्द्र प्रजापति और आभार अभिषेक त्रिपाठी ने किया।

मंझरिया में लगा चिकित्सा शिविर: महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के बीएड विभाग द्वारा गोद लिए गांव मंझरिया में मिशन मंझरियां अभियान के तहत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। 102 ग्रामीणों का परीक्षण किया गया।

amarujala.com
गोरखपुर | बुधवार, 20 दिसंबर 2023 8

सृजनशील प्रवृत्ति ने मनुष्य को सर्वोच्च बनाया : डॉ. मीतू

गोरखपुर। मानव ईश्वर द्वारा पृथ्वी पर की गई सर्वोत्कृष्ट रचना है। अपनी बौद्धिक क्षमता और सृजनशील प्रवृत्ति से मनुष्य स्वयं को सर्वोच्च बना रखा है। ये बातें डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉ. मीतू सिंह ने कही। वह महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ के बीएड विभाग में आयोजित पांच दिवसीय शैक्षिक कार्यशाला के अंतिम दिन छात्रों को संबोधित कर रही थी। वेदांत दर्शन पर डॉ. मीतू ने कहा कि वेदांत दर्शन हमें मुमुक्षकत्व का बोध कराता है। खुद को संतुष्ट रखना मानव की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। स्वागत शिप्रा सिंह, संचालन विभाग जितेन्द्र प्रजापति और आभार अभिषेक त्रिपाठी ने किया। संवाद

गोरखपुर। बृहस्पतिवार • 21 दिसम्बर • 2023 9

राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

सतत चलने वाली सामाजिक प्रक्रिया है शिक्षा : डा. प्रीति

गोरखपुर (एसएनबी)। अपनी सामाजिक अवस्थाओं एवं तद्युगीन परिस्थितियों से शिक्षा ग्रहण करने वाला प्रत्येक व्यक्ति विद्यार्थी होता है। शिक्षा एवं ज्ञान ही वे तत्व थे जिन्होंने जीव-जगत से मनुष्य को अलग कर उन्हे बुद्धिमत्ता की श्रेणी में अग्रणी बनाया। शिक्षा एक सतत चलने वाली सामाजिक प्रक्रिया है, जिसके अन्तर्गत मनुष्य अपने सामाजीकरण की प्रक्रिया के विविा सोपानो से न सिर्फ परिचित होता है, अपितु सामाजीकरण की प्रक्रिया में अपनी भूमिका भी सुनिश्चित करता है।

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन

यह बातें महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के बीएड विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर 'शिक्षा के मूलतत्व' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल की प्रबंधक तथा बेसिक शिक्षा परिषद्, गोरखपुर की सहायक अध्यापिका डा. प्रीती मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी का सामान्य अर्थ विद्या चाहने वाला होता है। विद्यार्थी किसी भी आयु वर्ग का हो सकता है। विद्या व्यक्ति को न सिर्फ सांसारिकता के मकड़जाल से मुक्त कराती है, अपितु उसे मोक्ष के मार्ग पर भी प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक द्विध्रुवीय प्रक्रिया है। शिक्षक और विद्यार्थी इसके दो ध्रुव हैं। कक्षा में दो तरफा संवाद अधिगम की प्रक्रिया को और अधिक सम्पन्न बनाता है। अधिगम की प्रक्रिया में विद्यार्थी अनुशासन पर विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि भौतिक सुख चाहने वाले विद्यार्थी को पढ़ना छोड़ देना चाहिए और पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी को भौतिक सुख की इच्छा छोड़ देनी चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती विभा सिंह एवं अतिथि आभार ज्ञापन विभाग प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। अतिथि का स्वागत डा. अनुभा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीएड विभाग के समस्त शिक्षक एवं 73 विद्यार्थी उपस्थित रहे।



7 गोरखपुर। शुक्रवार • 22 दिसम्बर • 2023 | राष्ट्रीय सहारा

समाजशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा कल

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़, गोरखपुर में बीए पंचम सेमेस्टर समाजशास्त्र विषय की प्रायोगिक परीक्षा 23 दिसम्बर शनिवार को प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगी। विभागध्यक्ष डां. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि कोर्स कोड 303 प्रश्न पत्र की मौखिकी/प्रायोगिक परीक्षा हेतु समस्त विद्यार्थी अविलम्ब विभाग से सम्पर्क करें। उक्त परीक्षा निर्धारित तिथि को प्रातः 10 बजे से महाविद्यालय के मत्स्येन्द्रनाथ कक्ष में प्रारम्भ होगी।



हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com

गोरखपुर
बुधवार
27 दिसंबर 2023

02

प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के बीएड विभाग में मंगलवार को पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ हुआ। जिला प्रशिक्षण आयुक्त, स्काउट अजय सिंह ने स्काउट गाइड के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रभारी शिप्रा सिंह ने कहा कि बीएड के विद्यार्थियों के लिए यह अनिवार्य पाठ्यक्रम है।



amarujala.com

8

गोरखपुर | बुधवार, 27 दिसंबर 2023

स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के बीएड विभाग में मंगलवार को पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। जिला प्रशिक्षण आयुक्त, स्काउट अजय सिंह ने स्काउट गाइड की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं महत्व पर प्रकाश डाला। प्रभारी शिप्रा सिंह ने कहा कि बीएड के विद्यार्थियों के लिए यह अनिवार्य पाठ्यक्रम है। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षक, गाइड दुर्गावती धूसिया एवं शिवा कुमार ने स्काउट गाइड के नियम बताए। संवाद



दैनिक जागरण 6

गोरखपुर, 27 दिसंबर, 2023

www.jagran.com

स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

गोरखपुर : महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ के बीएड विभाग में मंगलवार को पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। जिला प्रशिक्षण आयुक्त, स्काउट अजय सिंह ने स्काउट गाइड की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं महत्व पर प्रकाश डाला। प्रभारी शिप्रा सिंह ने कहा कि बीएड के विद्यार्थियों के लिए यह अनिवार्य पाठ्यक्रम है। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षक, गाइड दुर्गावती धूसिया एवं शिवा कुमार ने स्काउट गाइड के नियम से परिचित कराया।



गोरखपुर। बृहस्पतिवार • 28 दिसम्बर • 2023 | राष्ट्रीय सहारा | www.rashtri

सामूहिकता और सहयोगात्मक भाव स्काउट-गाइड का ध्येय है

स्काउट गाइड शिविर में विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित

गोरखपुर(एसएनबी)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़, गोरखपुर में बीएड् विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुए जिला प्रशिक्षक स्काउट अजय कुमार सिंह ने उपस्थित विद्यार्थियो एवं प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक स्काउट-गाइड की स्वयं को स्वस्थ्य एवं स्फूर्त रखना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या एवं योग-ध्यान का पालन प्रत्येक स्काउट गाइड हेतु अनिवार्य है।

प्रशिक्षण शिविर में जिला प्रशिक्षक गाइड सुश्री दुर्गावती धूसिया ने प्रशिक्षुओं से पथ संचलन का अभ्यास कराने के साथ साथ उन्हें स्काउट गाइड के आदर्श, चिन्ह, सैल्यूट एवं हाथ मिलाने जैसे क्रियाकलापों से भी परिचित कराया। प्रशिक्षक शिवा कुमार ने विद्यार्थियों को स्काउट-गाइड के झण्डे एवं उस पर बने हुए चिन्हों का विस्तारपूर्वक अर्थ बताया। इसके साथ ही साथ विद्यार्थियों ने इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमो को प्रस्तुत किया। आज के शिविर में बीएड् विभाग के समस्त शिक्षकों के साथ प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के कुल 131 विद्यार्थी उपस्थित रहे।



भारतीय नभमण्डल के धार्मिक-आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षितिज के दैदीप्यमान नक्षत्र युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज नें पूर्वांचल के शैक्षणिक विकास एवं भारतीय संस्कृति, परम्परा, सनातन ज्ञान-विज्ञान एवं कौशल से ओत-प्रोत शिक्षा के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से सन् 1932 ई. में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना की थी। सिद्ध गोरक्षपीठ एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित महाराणा प्रताप महाविद्यालय पूर्वांचल के शिक्षा क्षेत्र की एक अग्रणी संस्था है । महाविद्यालय के मासिक गतिविधियों का एक संक्षिप्त संकलन ''ध्येय पथ'' नाम से मासिक ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिसम्बर माह की मासिक ई-पात्रिका ध्येय-पथ आप सभी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

महाराणा प्रताप महाविद्याल, जंगल धूसड़
गोरखपुर